
## खास-खबरें

### हरियाली अमावस्या पर ओंकारेश्वर महादेव का हरित श्रृंगार, मंदिर परिसर भी सजा हरे रंग में




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** श्रावण मास की हरियाली अमावस्या के अवसर पर शहर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान शिव का आकर्षक हरित श्रृंगार किया गया। प्रकृति की हरियाली को समर्पित इस पर्व पर भगवान ओंकारेश्वर महादेव को हरे रंग के फूलों, पत्तियों और अन्य प्राकृतिक सामग्री से सजाया गया। भगवान का मनमोहक स्वरूप देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर को भी हरियाली की विशेष थीम पर सजाया गया। पत्तियों, पुष्पों और सजावटी सामग्री से पूरे परिसर को आकर्षक स्वरूप दिया गया। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी के मार्गदर्शन में भगवान का विशेष श्रृंगार और मंदिर की साज-सज्जा की गई। पुजारी गोस्वामी ने बताया कि श्रावण मास और हरियाली अमावस्या पर भगवान शिव का प्रकृति से विशेष संबंध माना जाता है। इसी धार्मिक मान्यता और परंपरा के अनुरूप महादेव को हरित स्वरूप अर्पित किया गया।

### शिव नारायण सक्सेना बने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के विदिशा जिलाध्यक्ष



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** मध्य प्रदेश शासकीय तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय मिश्रा ने शासकीय प्राथमिक शिक्षक एवं कर्मचारी नेता शिव नारायण सक्सेना को संगठन का विदिशा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। सक्सेना एकीकृत माध्यमिक शाला स्टेशन एरिया, गंजबासौदा में पदस्थ हैं। सक्सेना के मनोनयन पर कर्मचारी साथियों ने प्रदेश अध्यक्ष विजय मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि सक्सेना जिले के शासकीय सेवकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनके निराकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सक्सेना ने कहा कि संगठन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। वे शीघ्र ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी लेंगे। इसके साथ ही संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा कर कर्मचारी हित में आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### परिजनों ने मुंह मोड़ा तो समाजसेवी सुनील बंसल ने कराया विनोद का अंतिम संस्कार



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** समाजसेवी एवं पार्षद सुनील बंसल ने बुधवार को इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए एक दिवंगत व्यक्ति का अंतिम संस्कार कराया। जिला चिकित्सालय में करीब 15 दिनों से उपचाररत लगभग 35 वर्षीय विनोद पिता गोविंद गिरी गोस्वामी ने बुधवार सुबह दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रभारी नासिर भाई दड़वाल ने जब मृतक के परिजनों से संपर्क किया तो उन्होंने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों के इनकार की जानकारी मिलने पर अस्पताल प्रभारी ने समाजसेवी सुनील बंसल से संपर्क किया। सूचना मिलते ही बंसल अपने अन्य कार्य छोड़कर मदद के लिए आगे आए। उन्होंने नगर पालिका कर्मचारियों और मोक्ष वाहन चालक गोविंद सिंह तथा जाकिर भाई को सूचना देकर अंतिम संस्कार की व्यवस्था शुरू कराई। आवश्यक सामग्री जुटाने के बाद पार्थिव देह को पोस्टमार्टम रूम से शिवना नदी स्थित मुक्तिधाम ले जाया गया।

### पुष्पा स्कूल में फेस और हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, आष्टाः** पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से फेस पेंटिंग और हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने हैंड पेंटिंग में हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी हथेलियों पर विभिन्न रंगों और आकृतियों के माध्यम से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। वहीं कक्षा दूसरी से छठी तक के विद्यार्थियों ने फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए एक-दूसरे के चेहरों पर विभिन्न रचनात्मक और मनमोहक आकृतियां उकेरीं। प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर विद्यार्थियों की कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है।

# विदिशा में बस किराया बढ़ने पर छात्राओं का प्रदर्शन, स्कूल आना-जाना हुआ महँगा

- सिरोंज बस स्टैंड पर करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन
- ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं पर बढ़ा आर्थिक बोझ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जिले के सिरोंज में बस किराया बढने के विरोध में बड़ी संख्या में स्कूली छात्राओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। छात्राएं बस स्टैंड पहुंचीं और करीब आधे घंटे तक किराया कम करने की मांग को लेकर आवाज उठाई। छात्राओं का कहना है कि किराया बढने से रोज स्कूल आने-जाने में अतिरिक्त खर्च हो रहा है, जिसका सीधा असर उनके परिवारों पर पड़ रहा है।

छात्राओं के अनुसार, जिन बसों में पहले 10 से 15 रुपये किराया लिया जाता था, उनमें अब बढ़ोतरी कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से स्कूल आने वाली छात्राओं के लिए यह बढ़ा हुआ किराया बड़ी परेशानी बन गया है। उनका कहना है कि यदि किराया कम नहीं किया गया तो रोज स्कूल आना-जाना मुश्किल हो जाएगा।

**क्यों किया प्रदर्शन :** छात्राओं का कहना है कि रोज बस से स्कूल आने-जाने के कारण बढ़ा हुआ किराया उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। कई छात्राओं को पढ़ाई जारी रखने में भी परेशानी होने की आशंका है।

**प्रशासन ने सुनी समस्या :** प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद अनुविभागीय अधिकारी ओम नारायण बड़कुल मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनकी मांगों को समझा। प्रशासन की ओर से छात्राओं को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया।

**विधायक से भी की किराया घटाने की मांग :** छात्राओं ने विधायक उमाकांत शर्मा से भी बस किराया कम करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि किराया बढने का सबसे ज्यादा असर उन विद्यार्थियों पर पड़ रहा है जो दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से रोज बस के माध्यम से स्कूल पहुंचते हैं। छात्राओं ने कहा कि बस किराया कम किया जाना जरूरी है, ताकि आर्थिक परेशानी के कारण किसी की पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने उनकी बात सुनी और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## नौकरी की तलाश में पहुंचे थे युवक-युवती संदिग्ध गतिविधि की आशंका निकली गलत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** नगर की दालमिल कॉलोनी स्थित वर्मा परिसर में 26 जुलाई की शाम कुछ लोगों के पहुंचने की सूचना से व्यापारियों के बीच बनी आशंका पर पुलिस ने तत्काल जांच की। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के निर्देश पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि टवेरा वाहन क्रमांक ख्व42 क्ष्ट 0677 से पहुंचे तीन युवक और दो युवतियां किसी संदिग्ध गतिविधि के लिए नहीं, बल्कि मिल में नौकरी की तलाश में पहुंचे थे।

पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे बरेली के निवासी हैं। इनमें से एक युवक ड्राइविंग का काम करता है, जबकि एक युवती निजी मॉल में कार्यरत है। नौकरी की तलाश में वे वर्मा परिसर पहुंचे थे। मुख्य गेट बंद मिलने पर वे दूसरे गेट पर गए और वहां मौजूद गार्ड से मिल में रोजगार के संबंध में जानकारी ली। गार्ड द्वारा नौकरी उपलब्ध नहीं होने की जानकारी देने के बाद सभी वहां से चले गए।

### पुलिस जांच में नहीं मिली संदिग्ध गतिविधि

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने मामले की पूरी जांच की है। जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध नहीं मिली। सभी लोग रोजगार की तलाश में परिसर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य है और पुलिस लगातार गश्त कर रही है। व्यापारियों से भी अपील की गई कि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

### 5 जुलाई की चोरी की जांच जारी

वर्मा परिसर में 5 जुलाई को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना की विवेचना अभी जारी है और संदिग्धों से पूछताछ सहित अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस जल्द ही चोरी के आरोपियों को पकड़कर चोरी गया माल बरामद करने का प्रयास कर रही है।

## तिरंगा क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाया राष्ट्रप्रेम और ज्ञान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, महत्व और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरेली में राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुधांशु दुबे रहे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अन्नपूर्णा सिंह और अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक प्रदीप सूर्यधर ने किया। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास एवं महत्व, स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों और देशभक्ति से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी जानकारी एवं जागरूकता का प्रदर्शन किया।

आयोजकों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों से युवा पीढ़ी को जोड़ना भी इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

### नशामुक्ति के साथ आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देना लक्ष्य : रेखा दीदी

**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा '10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' के तहत पत्रकार भवन में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अभियान के पोस्टर के अनावरण के साथ हुआ। संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में यह राष्ट्रव्यापी अभियान 6 से 20 अगस्त तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बीके रुक्मणी दीदी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनजागरण के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाना और अधिक से अधिक लोगों को इस सामाजिक परिवर्तन से जोड़ना है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने अभियान को सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी ने कहा कि 10 करोड़ लोगों का नशामुक्ति संकल्प सामाजिक चेतना का महायज्ञ है।

## विधायक कार्यालय में जनसुनवाई, सांदीपनि स्कूल की बस गांव तक पहुंचाने की मांग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, आष्टाः** विधायक कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम पंचायत टिटोरिया के सरपंच इंदरसिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों के पालक पहुंचे। उन्होंने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को ज्ञापन सौंपकर शासकीय सांदीपनि विद्यालय की बस ग्राम तक पहुंचाने की मांग की। पालकों ने बताया कि बस गांव तक नहीं आने के कारण विद्यार्थियों को करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य मार्ग तक आना-जाना पड़ता है। विधायक ने समस्या के जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

जनसुनवाई में विधायक ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए नागरिकों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता का जनसेवक होने के नाते उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराना उनका दायित्व है। शासन स्तर की मांगों को शासन तक पहुंचाने का भी आश्वासन दिया।

जनसुनवाई में पुराना दशहरा मैदान, वार्ड क्रमांक 7 में हाईमास्ट लगाने, टिगरिया में नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने, धर्मशाला निर्माण, सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने, विद्युत वाचक के पद पर नियुक्ति, कपिलधारा योजना के कार्यों का भुगतान, लाखिया में टीनशेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने सहित कई आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा टिटोरिया और रोलागांव के विद्यार्थियों के लिए सांदीपनि विद्यालय की बस उपलब्ध कराने, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में प्रवेश, आर्थिक सहायता, बैजनाथ में टीनशेड और सतबड़ा मुक्तिधाम में टीनशेड निर्माण की मांग भी ग्रामीणों ने रखी।

विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर प्रत्येक बुधवार सुबह 11 बजे से कार्यालय में जनसुनवाई करते हैं।

# बुंदेलखंड सेन समाज सामुदायिक भवन का हुआ भव्य लोकार्पण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** आईटीआई कॉलेज, बुढ़वार रोड ललितपुर में नवनिर्मित बुंदेलखंड सेन समाज सामुदायिक भवन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड सेन समाज के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने आतिथ्य के रूप में संबोधित करते हुए समाज की एकजुटता एवं विकास के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

समारोह में विधायक रामरतन कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, भूमिदानदाता नरेन्द्र कडक़ी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सेन समाज झांसी राकेश सेन, रज्जू भैया बीना, ललितपुर अध्यक्ष सुमंत कुमार सेन, महामंत्री प्रदीप केतवाले, कोषाध्यक्ष सहित समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने सामुदायिक भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले भूमिदानदाता नरेन्द्र कडक़ी एवं भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने उन लोगों से भी भवन निर्माण में सहयोग करने की अपील की, जो अब तक सहयोग नहीं कर पाए हैं।

प्रांताध्यक्ष सेन ने विधायक रामरतन कुशवाहा से सामुदायिक भवन की भूमि पर बाउंड्रीवॉल निर्माण कराने का विनम्र अनुरोध किया। विधायक ने इस मांग को स्वीकार करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इस पर प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने विधायक का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन द्वारा दिए गए संबोधन की सराहना की। समारोह को विधायक रामरतन कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, भूमिदानदाता नरेन्द्र कडक़ी, राजेन्द्र सेन बीना तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सेन समाज झांसी राकेश सेन ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन बुंदेलखंड जिला सेन समाज के महामंत्री सुमंत कुमार सेन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष महेंद्र सविता (मोनू भैया) ने किया। इस अवसर पर विशाल सेन जी महाराज के भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### जिले में अब तक 487.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 487.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 46.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में भानपुरा में 46.2 मि.मी., भावगढ़ में 82.0 मि.मी., गरोठ में 74.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 39.0 मि.मी., संजीत में 52.0 मि.मी., धुंधड़का में 33.0 मि.मी., मंदसौर में 39.0 मि.मी., शामगढ़ में 33.2 मि.मी., कयामपुर में 31.0 मि.मी., सीतामऊ में 38.6 मि.मी. एवं सुवासरा में 42.0 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र भानपुरा में 440.4 मि.मी., भावगढ़ में 567.2 मि.मी., गरोठ में 471.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 524.0 मि.मी., संजीत में 380.0 मि.मी., धुंधड़का में 603.0 मि.मी., मंदसौर में 492.0 मि.मी., शामगढ़ में 473.8 मि.मी., कयामपुर में 425.5 मि.मी., सीतामऊ में 508.6 मि.मी. एवं सुवासरा में 476.9 मि.मी., औसत वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1298.08 फीट है।

### हरियाली अमावस्या पर भजन-कीर्तन के बीच रोपे पीपल, बरगद और बेलपत्र के पौधे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** हरियाली अमावस्या के अवसर पर सेवा भारती की बहनों ने शंकर विहार कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर परिसर में भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भजन-कीर्तन के बीच आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान पीपल, बरगद और बेलपत्र के पौधों का विधिवत रोपण किया गया। भजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय रहा, वहीं पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। सेवा भारती की बहनों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवन का आधार और पूजनीय माना गया है। पीपल और बरगद पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि बेलपत्र भगवान शिव की आराधना से जुड़ा हुआ है। मंदिर परिसर में इन पौधों का रोपण धार्मिक आस्था के साथ प्रकृति संरक्षण का प्रतीक भी है।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है। आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, छाया और हरित वातावरण देने में योगदान करेगा। सेवा भारती की इस पहल के माध्यम से लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया।

## प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा घाटों पर उमड़ी भीड़ बढ़े जलस्तर में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** हरियाली अमावस्या पर बुधवार को नर्मदा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लगातार बारिश और बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने नदी में स्नान पर प्रतिबंध लगाया था, इसके बावजूद नीलकंठ सहित कई घाटों पर सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। कई लोगों ने नर्मदा में स्नान कर पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किया, जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने घाट किनारे धार्मिक अनुष्ठान किए।

प्रशासन ने 11 अगस्त को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत भैरूंदा तहसील क्षेत्र के सभी नर्मदा घाटों पर स्नान प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया था। बढ़े हुए जलस्तर और तेज बहाव के कारण संभावित जनहानि रोकने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया था। श्रद्धालुओं से नदी में प्रवेश नहीं करने की अपील भी की गई थी।

इसके बावजूद हरियाली अमावस्या पर नर्मदा स्नान की धार्मिक मान्यता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग घाटों पर पहुंचे। नीलकंठ, मंडी, सिलकंट, सातदेव, चोरसाखेड़ी और छीपानेर सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। कई लोगों ने प्रतिबंध के बावजूद नदी में उतरकर स्नान किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील घाटों पर पुलिस बल, होमगार्ड, स्थानीय कोटवार और गोताखोरों की तैनाती की थी।

# वंदे मातरम के जयघोष से गूंजी शहर की सड़कें, निकली तिरंगा यात्रा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व से ठीक दो दिन पहले जिला मुख्यालय में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शहर में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौसम की रिमझिम फुहारों के बीच निकले इस आयोजन ने पूरे वातावरण को खुशनुमा और आनंदित बना दिया। यात्रा में शहर के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, करीब डेढ़ हजार स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता की जय व वंदे मातरम के गूंजते जयघोष से शहर की सडक़ें सराबोर हो उठीं।

**टाउन हॉल से शुरू हुई यात्रा, गुब्बारों से सजा आसमानः** रैली का औपचारिक शुभारंभ शहर के टाउन हॉल से हुआ। यात्रा शुरू होने से ठीक पहले आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, जिसने समारोह के उत्साह को दोगुना कर दिया। टाउन हॉल से शुरू हुई यह यात्रा शहर के प्रमुख माग बस स्टैंड, आनंद डेयरी और कोतवाली चौराहे से होती हुई लीसा टॉकीज पहुंची। पूरे यात्रा मार्ग के दौरान सडक़ के दोनों ओर खड़े शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। बारिश की हल्की बूंदों के बीच तिरंगा हाथ में थामे चल रहे बच्चों और नागरिकों का जोश देखते ही बन रहा था।

**हाथों में तिरंगा थामे चले जनप्रतिनिधि-अधिकारीः** राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस तिरंगा रैली में शहर के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी एक साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जसपाल सिंह अरोरा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के. और पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने प्रमुखता से सहभागिता की। इनके साथ ही जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह, डीएफओ अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा सहित भारी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

**तिरंगा हमारी एकता और स्वाभिमान का प्रतीकः** लीसा टॉकीज पहुंचने पर यात्रा का समापन हुआ, जहां अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा केवल एक कपड़ा या प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का सच्चा प्रतीक है। अतिथियों ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल खुशियां मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का दिन है।